आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

05.08.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रिकॉर्ड गैस उत्पादन होने की सराहना करते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में बहुत महत्वपूर्ण है।

- आयॅल इंडिया लिमिटेड अंडमान बेसिन में संभवतः पन्द्रह अक्तूबर से ड्रिलिंग का काम आरंभ करेगी।

- गृह मंत्री अमित शाह ने आपराधिक न्याय उपकरणों को बेहतर करने के लिए ई–साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय सूति और ई–समन व्यवस्था का लोकार्पण किया।

- डीब्रेट में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आयोजन किया जा रहा है।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" आह्वान के तहत पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद ने वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रिकॉर्ड गैस उत्पादन होने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी यह प्रतिक्रिया पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के पोस्ट पर आई है, जिसमें कहा गया था कि भारत ने रिकॉर्ड गैस उत्पादन किया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा साझा किये गये आंकड़ों के अनुसार वर्ष दो हजार छब्बीस में गैस उत्पादन पैंतालीस दशमलव तीन बीसीएम होने का अनुमान है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि गैस उत्पादन में यह रिकॉर्ड इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

<><><><><><><>

आयॅल इंडिया लिमिटेड अंडमान बेसिन में संभवतः पन्द्रह अक्तूबर से ड्रिलिंग का काम आरंभ करेगी। पोर्ट ब्लेयर में आज मीडिया से बात करते हुए सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि भारत सरकार द्वीपों में तेल की संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने खुद इस संबंध में ऑयल इंडिया के प्रबंध निदेशक से बातचीत की। बातचीत में उन्होंने बताया कि ढाई हजार करोड़ रूपये की लागत से इस काम को अंजाम दिया जाएगा और एक विदेशी कम्पनी के साथ अनुबंध किया गया है। ये कम्पनी द्वीपों में ऑफशोर ड्रिलिंग का काम शुरू करेगी। भारत सरकार के इस कदम से घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान होगी। सांसद ने कहा कि अंडमान बेसिन में बड़े हाइड्रो कार्बन भंडार होने का अंदेशा है। ऑयल इंडिया का यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। सांसद ने द्वीपों में चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अनिम्स में उचित मात्रा में संकाय सदस्य तथा विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। इसकी कमी के चलते मरीज प्रभावित होते हैं।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कल चंडीगढ में आपराधिक न्याय उपकरणों को बेहतर करने के लिए ई–साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय सूति और ई–समन व्यवस्था का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अब देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था में जबरदस्त सुधार होगा, जिससे लोगों को तीव्र और समय पर न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि नये आपराधिक कानून ने भारत में ब्रिटिश राज्य का दौर समाप्त कर दिया है और अब यह कानून पूर्ण रूप से स्वदेशी बन चुका है। श्री शाह ने कहा कि यह कानून हमारे संविधान के बिल्कुल अनुकुल है। इससे लोगों को

तीव्र न्याय मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इसे कानून में दण्ड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गयी है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल ने आई ई ई ई कंप्यूटर सोसाइटी के सहयोग से सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में डीब्रेट की टीम को बड़े पैमाने पर इस सम्मेलन को आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने संस्थान को श्रेय देते हुए स्थानीय चुनौतियों से निपटने के बाद भी द्वीपों में सुचारू रूप से संचालित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने और एआई के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

<><><><><><>

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता और एन सी ई आर टी, शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित कर रहा है। यह प्रतिभा खोज परीक्षा कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के स्कूली बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा तेईस अक्तूबर और सत्ताईस अक्तूबर को विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में कल विद्यार्थी विज्ञान मंथन, पोर्ट ब्लेयर की एक इकाई ने विज्ञान केन्द्र के सहयोग से पोर्ट ब्लेयर और उसके आस–पास के विभिन्न स्कूलों के पंजीकृत छात्रों के लिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का महत्व विषय पर एक ओपन हाउस क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कार्मल स्कूल को प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर, पत्थरगड्ढा और सेंट मेरीज़ स्कूल भातुबस्ती को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को चौबीस अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के शिविर में सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" आह्वान के तहत पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद ने डॉलीगंज स्थित शिव मंदिर तालाब के समीप वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। दो दशमलव सात मिलीलीटर क्षमता वाले इस तालाब का निर्माण नगरपालिका परिषद द्वारा जलापूर्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया है। नगरपालिका परिषद के सचिव के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, इस वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व नगरपालिका परिषद के अधीक्षण अभियंता ने कार्यकारी अभियंता और नगरपालिका परिषद के अन्य अधिकारियों के सहयोग से किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पारिस्थितिक और स्वास्थ्य लाभों को बढ़ाने के लिए औषधीय गुणों से भरपूर नीम का पेड़ लगाया गया। इस पहल का उद्देश्य तालाब की पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए पर्याप्त मात्रा में छाया प्रदान करना है, जिससे पानी के तापमान को नियंत्रित करने, वाष्पीकरण को कम करने और समग्र जल स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी। नगरपालिका परिषद शहर को स्वच्छ और हरित शहरी वातावरण प्रदान करने के लिए अपने सभी पीबीएमसी तालाबों में इसी तरह के वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है।

<><><><><><>

प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली, पार्षद अज़ीज़ुर्रहमान और आटो के अध्यक्ष एम. विनोद ने गोलघर नाबार्ड कॉलोनी के निवासी अरूण गोयंका के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे इक्कहतर वर्ष के थे। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श बारह अगस्त से चौदह अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सभी उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में शामिल होने को कहा गया है।

उधर, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न यूजी पाठ्यक्रमों के उम्मीदवारों की श्रेणीवार अंतिम योग्यता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे बारह अगस्त से लेकर चौदह अगस्त तक विभिन्न विषय और सारणी के अनुसार अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित रहे। उम्मीदवार जो छात्रावास में रहना चाहते हैं, वे प्रवेश के दिन कॉलेज के सभागार से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सौ तैंतीस दशमलव दो मिलीमीटर, मायाबंदर में बत्तीस, कार निकोबार में दस, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में नौ दशमलव चार और लांग आइलैंड में एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

**<><><><><><><>**